पत्रांक- 917
17.10.2022

33

झारखण्ड सरकार

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

योजना भवन, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, राँची

## संकल्प

विषयः- **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अन्तर्गत नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) का Arka Educational & Cultural Trust, Bengaluru के सहयोग से Public Private Partnership (PPP) Mode में संचालन हेतु वित्तीय नियमावली के नियम 235 को क्षांत करते हुए नियम 245 के तहत Private Partner का मनोनयन के आधार पर चयन करने के संबंध में।**

---

सूचना तकनीक के इस युग में राज्य के विद्यार्थियों को समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा नहीं दे पाने से इसका प्रभाव उनके कौशल पर पड़ता है एवं इस प्रतिस्पर्धा के दौर में वे पिछड़ जाते हैं। फलतः उनलोगों का नियोजन पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में यह आवश्यक है कि राज्य में Private Partner के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा छात्रों को उपलब्ध करायी जाय। इस आलोक में बेहतर तकनीकी शिक्षण संस्थान जिसका National Institute Ranking Framework (NIRF)- 2021 के Engineering / University Category में Rank 100 तक हो एवं शैक्षणिक जगत में अग्रणी भूमिका निभा रहे हो, के सहयोग से नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय का संचालन PPP (Public Private Partnership) Mode में करने हेतु आवश्यक प्रयास किया गया।

इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु देश के अग्रणी 25 Private अभियंत्रण महाविद्यालय, 18 Private विश्वविद्यालय, राज्य में अवस्थित भारत सरकार के 05 Public Sector Undertaking एवं 04 निजी क्षेत्र में स्थापित कंपनी को निदेशालय द्वारा दिनांक 10.06.2021 को 04 अभियंत्रण महाविद्यालय के संचालन हेतु अनुरोध पत्र भेजा गया | परन्तु इस सन्दर्भ में कोई ठोस प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

दिनांक 15.06.2021 को देश के अग्रणी निजी विश्वविद्यालय / संस्थान के साथ online बैठक में सभी Private Partners से अनुरोध किया गया कि चारो अभियंत्रण महाविद्यालय के संचालन के लिए शीघ्र प्रस्ताव दें| परन्तु किसी भी निजी विश्वविद्यालय / संस्थान से कोई ठोस प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ|

दिनांक 12.08.2021 को माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न विभागीय बैठक में निदेश दिया गया कि 04 नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय, कोडरमा, गोला (रामगढ़), पलामू एवं प्रोफेशनल कॉलेज, जमशेदपुर के संचालन के लिए पूरे देश के निजी क्षेत्र के अग्रणी संस्थान/ विश्वविद्यालय से सीधे सम्पर्क कर उनके सहयोग से संचालन का प्रयास किया जांय|

तत्पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी निजी विश्वविद्यालय/संस्थान के वरिष्ठ प्रतिनिधि से सीधे संपर्क एवं संवाद के लिए विभाग द्वारा नवनिर्मित संस्थानों के संचालन हेतु सुझाव एवं प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए चार (04) उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया गया। प्रथम उच्च स्तरीय समिति, निदेशक, तकनीकी शिक्षा के नेतृत्व में पश्चिमी भारत, द्वितीय उच्च स्तरीय समिति कुलपति, झारखण्ड प्रौद्योगिकी के नेतृत्व में मध्य एवं उत्तरी भारत, तृतीय उच्च स्तरीय समिति निदेशक, बी०आई०टी०, सिंदरी के नेतृत्व में दक्षिणी भारत एवं चतुर्थ उच्च स्तरीय समिति प्रो० प्रकाश कुमार, प्रोडक्शन

पत्रांक सं-917
17.10.2022



& Cultural Trust, Bengaluru एवं JAIN University Trust, Bengaluru में चार (04) में से तीन (03) Trustees समान हैं| अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) के संचालन का प्रस्ताव Arka Educational & Cultural Trust, Bengaluru द्वारा दिया गया है | जिसके तहत Arka Jain University एवं तकनीकी एवं अन्य संस्थान कर्णाटक राज्य में संचालित है|

पुनः दिनांक 14.12.2021 को माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 04 अभियंत्रण महाविद्यालय के संचालन के सम्बन्ध बैठक सम्पन्न हुई एवं बैठक में नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला के सम्बन्ध में निम्न निर्णय लिया गया:-

(क) JAIN (Deemed-to-be) University, Bengaluru के प्रतिनिधि से अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला एवं पलामू का भ्रमण कर संचालन के संबंध में स्पष्ट प्रस्ताव देने का अनुरोध किया जाय।

2. JAIN Group of Institutions के प्रतिनिधि अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) के संचालन में रूचि दिखाते हुए दिनांक 15.02.2022 को विभाग को एक प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। JAIN (Deemed-to-be) University, Bengaluru का University Category में NIRF Ranking - 2020 में 85 तथा 2021 में 99 Rank है।

3. National Education Policy (NEP) 2020 के आलोक में नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) को Multi-disciplinary / Multi-domain निजी विश्वविद्यालय की स्थापना करते हुए संचालन किये जाने की आवश्यकता है।

4. निदेशक, तकनीकी शिक्षा की अध्यक्षता में गठित समिति एवं JAIN (Deemed-to-be) University, Bengaluru के प्रतिनिधि के साथ दिनांक 06.04.2022 को आयोजित बैठक में अभियंत्रण अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) को PPP Mode पर संचालन हेतु Concession Agreement के विभिन्न विन्दुओं / शर्तों पर विस्तृत चर्चा हुई जिसका मुख्य अंश निम्न हैं जिसके आधार पर Concession Agreement तैयार किया गया है -

   i) अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) को Multi-disciplinary/ Multi-domain निजी विश्वविद्यालय स्थापित कर प्राइवेट पार्टनर के सहयोग से संचालित किया जाय।

   ii) Multi Domain Private University के माध्यम से संस्थान में Multi-domain में शैक्षणिक कार्य प्रारम्भ करने पर पाठ्यक्रम में लचीलापन होगा एवं राज्य के युवा को रोजगार का बेहतर अवसर प्राप्त होगा।

   iii) Multi Domain Private University के स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा न्यूनत्तम 25 एकड़ भूमि निर्धारित है।

   iv) अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) 16.80 एकड़ भूमि पर निर्मित है। Multi-Domain निजी विश्वविद्यालय के लिए कम से कम 8.2 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी जिसे Private Partner क्रय कर सकते हैं।

   v) संस्थान के सभी संकाय में झारखण्ड राज्य के छात्र/छात्राओं के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत सीट आरक्षित रखा जायेगा एवं इन सीटों पर नामांकन के लिए राज्य के आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायेगा।

पत्रांक सं० 917
17.10.2022



xv) Private Partner द्वारा संचालित संस्था / विश्वविद्यालय, राज्य सरकार से किसी भी प्रकार का अनुदान का हकदार नहीं होगा।

5. अतः उक्त तथ्यों के आलोक में -

(क) अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) का PPP Mode पर संचालन हेतु Private Partner के रूप में Arka Educational & Cultural Trust, Bengaluru एवं राज्य सरकार के प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर किये जाने वाले Concession Agreement (अनुलग्नक-1) प्रारूप पर स्वीकृति दी जाती है।

(ख) वित्तीय नियमावली के नियम 235 को क्षांत करते हुए नियम 245 के तहत अभियंत्रण महाविद्यालय, गोला (रामगढ़) का PPP Mode पर संचालन हेतु Private Partner के रूप में Arka Educational & Cultural Trust, Bengaluru को स्वीकृति दी जाती है।

6. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संलेख ज्ञापांक - DTESec2/PPP-1/2021/HTESD- 872, दिनांक 28.09.2022 में सन्निहित प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक 29.09.2022 में मद सं० 10 में स्वीकृति दी गई है।

**आदेशः आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को झारखण्ड राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।**

अनुलग्नक : यथोक्त।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

14.10.22
(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक : DTESec2/PPP-1/2021/HTESD - 917 /राँची, दिनांक :- 17.10.2022

प्रतिलिपिः- अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, झारखण्ड को राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

14.10.22
(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक : DTESec2/PPP-1/2021/HTESD - 917 /राँची, दिनांक :- 17.10.2022

प्रतिलिपिः- महालेखाकार, झारखण्ड, रांची/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, डोरण्डा, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.10.22
(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।